आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 08.01.2025

मुख्य समाचारः–

1– केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना शुरू की–केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में की घोषणा।

2– राज्य सरकार ने रायपुर में टेनिस और राजनांदगांव में हॉकी अकादमी शुरू करने की मंजूरी दी।

3– एचएमपीवी संक्रमण पर सतत् निगरानी रखने के लिए छत्तीसगढ़ में तकनीकी समिति का गठन किया गया।

4– बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी सुरेश चंद्रकार सहित चारों आरोपियों को आज पुलिस ने न्यायालय में पेश किया–पंद्रह दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

नितिन गडकरी–सड़क सुरक्षा बैठक

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कल नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ सड़क सुरक्षा पर बैठक की। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में श्री गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सरकार दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करेगी।

जब एक्सीडेंट होता है तो हमने एक नई स्कीम शुरू की है। कैशलैस ट्रीटमेंट और एक्सीडेंट होने के बाद तुरंत 24 घंटे के अंदर जैसे पुलिस में इनफॉरमेशन जाएगी, तो डॉक्टर जो होगा उसको वो जो पेशेंट एडमिट होगा, उसको सात दिन तक ट्रीटमेंट का खर्चा या मैग्जीमम अप टू डेढ़ लाख रुपये हम तुरंत देंगे। उसकी ट्रीटमेंट के लिए बाद में हिट और रन विक्टिम जो है, उसमें में भी मृत्यु होती है तो हम दो लाख रुपये देंगे।

टेनिस–हॉकी अकादमी

राज्य सरकार ने रायपुर में टेनिस और राजनांदगांव में हॉकी अकादमी शुरू करने की मंजूरी दे दी है। टेनिस और हॉकी अकादमियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक खेल सुविधाओं के साथ ही उत्कृष्ट कोच भी उपलब्ध होंगे, जहां खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। रायपुर में स्थापित होने वाली टेनिस अकादमी के लिए तेरह नये पदों और राजनांदगांव की हॉकी अकादमी के लिए चौदह नये पदों के सृजन की स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है।

स्वास्थ्य मंत्री–बैठक

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और एचएमपीवी वायरस को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस वायरस से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह से तैयार है। श्री जायसवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों की टीम सतत् रूप से इस वायरस के बारे में निगरानी रख रही है और इसके लक्षण तथा प्रभाव के बारे में अध्ययन कर रही है। उन्होंने आम लोगों से स्वच्छता पर ध्यान देने की अपील की है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस–एचएमपीवी के संक्रमण के बारे में स्थिति पर सतत् निगरानी रखने के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष संचालक महामारी नियंत्रण एस.के. पामभोई हैं।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव

नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्यारह और बारह जनवरी को 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग' थीम पर आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय युवा महोत्सव
में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से चयनित पचहत्तर युवा दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली रवाना होने से पहले खेल मंत्री टंकराम वर्मा के रायपुर स्थित निवास पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित मंत्री और विधायक शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के आत्मविश्वास के साथ युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इन युवाओं को मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों तथा विधायकों ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

वहीं, राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बारह से चौदह जनवरी तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला और ब्लॉक स्तर के विजेता तेरह विभिन्न प्रकार की विधाओं से संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

वाहन चालक–सम्मान

'अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा' द्वारा प्रदेश में पहली बार वाहन चालकों का सम्मान करने के लिए रायपुर में चौबीस जनवरी को ''सारथी सम्मान'' समारोह का आयोजन किया जाएगा। ऐसे वाहन चालक जिनका व्यवहार उत्तम हो, उनका सम्मान किया जाएगा।

राज्य स्तर के शासकीय, अशासकीय, व्यावसायिक, निजी संस्थानों से उत्कृष्ट सारथियों–वाहन चालकों से पंद्रह जनवरी तक अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के ईमेल पर प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। जिला स्तर पर क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारियों और यातायात प्रभारियों को सम्मानित होने वाले वाहन चालकों के नामांकन प्रेषित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश में एक से इकतीस जनवरी तक राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

आकाशवाणी–दूरदर्शन गीत

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ उपस्थित थी। महाकुंभ का आयोजन तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक प्रयागराज में होगा।

पत्रकार हत्या–आरोपी जेल

बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी सुरेश चंद्रकार सहित चारों आरोपियों को आज पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। इन्हें पंद्रह दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई इक्कीस जनवरी को होगी।

इस बीच, रायपुर की विशेष अदालत ने आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मुख्यमंत्री की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया को जमानत दे दी है। एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू की ओर से इस मामले में साठ दिन की नीयत समय अवधि में चार्जशीट दाखिल नहीं की जा

सकी। इस वजह से विशेष न्यायालय ने सौम्या चौरसिया को जमानत दे दी है। हालांकि, सौम्या चौरसिया अभी जेल में ही रहेंगी, क्योंकि उनके खिलाफ कोल लेवी मामले में भी केस दर्ज हैं और इस प्रकरण में उन्हें जमानत नहीं मिली है।

वहीं, महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर अनिल अग्रवाल की जमानत याचिका को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश रविन्द्र अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत और साक्ष्य हैं, इसलिए उसे जमानत देना उचित नहीं है।

माओवादी—पहचान

नारायणपुर जिले में बीते चार जनवरी को हुई मुठभेड़ में मारे गए पांच माओवादियों की पहचान कर ली गई है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने बताया कि मारे गए माओवादियों पर कुल इक्कीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों की पहचान पी.पी.सी.एम. पीएलजीए प्लाटून नंबर—बत्तीस के सदस्य देवसिंह, दिनेश, सुमती, सुकमती और गट्टाकाल मिलिशिया कमांडर महेश के रूप में हुई है।

अमित कुमार—राष्ट्रपति पुलिस पदक

छत्तीसगढ़ पुलिस में खुफिया विभाग के प्रमुख एडीजी अमित कुमार को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। वर्ष उन्नीस सौ अंठानवे बैच के आईपीएस अधिकारी अमित कुमार को यह सम्मान कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदान किया। अमित कुमार को यह सम्मान केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में रहते हुए किए गए विशिष्ट कार्य के लिए दिया गया है। श्री कुमार सीबीआई के संयुक्त निदेशक—नीति के पद पर काम कर चुके हैं। वे मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर सहित कई जिलों के पुलिस अधीक्षक रहने के अलावा सीबीआई में बारह वर्षों तक विभिन्न पदों पर भी पदस्थ रहे हैं।

मुख्यमंत्री—बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बालोद जिले के जुगेरा गांव में एक सौ इकतालीस करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बालोद में चार सौ सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण के साथ ही जुगेरा में स्थित बंजारी माता मंदिर में डोम शेड निर्माण कराने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री—बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सरगुजा संभाग के सभी विधायकों और सरगुजा सांसद के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सरगुजा अंचल के विकास के लिए मिलकर काम करने को कहा। श्री साय ने सभी जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने और इसकी सतत निगरानी करने को कहा।

भाजपा–बैठक

नगरीय निकाय और त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर कल नौ जनवरी को रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की अहम बैठक होगी। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, कोर ग्रुप के सदस्य और पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे।

संक्षिप्त समाचार

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र शेखावत से मुलाकात कर स्वदेश दर्शन योजना के तहत चम्पारण्य और भोरमदेव कॉरिडोर कबीरधाम की दो परियोजनाओं से संबंधित प्रस्ताव सौंपे।

– वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ जिले के बाघाडोला, नवापारा और छपोरा में सत्तर लाख रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

– राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया है।

– नारायणपुर जिले में आज जिला और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पांच किलोमीटर लंबी अबूझमाड़ मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें नारायणपुर के साथ आसपास के जिलों से करीब पांच सौ धावकों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>